झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड पंचम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के उप–समाहर्त्ता पद पर नियुक्ति के संबंध में आवश्यक सूचना।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–7467 दिनांक–19.08.2013 द्वारा उप–समाहर्त्ता के **कुल–04 पद** एवं **कुल–01 (बैकलॉग) (अनुसूचित जाति) पद** पर पंचम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति हेतु प्रेषित अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी भारतीय नागरिकों (जो झारखण्ड सरकार में सरकारी सेवक हों) से विहित प्रपत्र में **ऑफलाईन** आवेदन **दिनांक–27.09.2018 से दिनांक–12.11.2018 अपराह्न 05:00 बजे** तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों–हाथ (कार्य अवधि में) आमंत्रित किए जाते हैं।

उक्त परीक्षा से संबंधित **विज्ञापन संख्या–09/2018**, एवं **विज्ञापन संख्या–10/2018** के ऑफलाईन आवेदन का विहित प्रपत्र एवं विस्तृत विवरण आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर **दिनांक–27.09.2018** से उपलब्ध रहेगा, जिसे अर्हत्ताधारी अभ्यर्थी डाउनलोड कर विज्ञापन में निहित शर्तों एवं अनुदेशों के अनुरूप ऑफलाईन आवेदन पत्र भरेंगे। ऑफलाईन भरे गए आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) के साथ विज्ञापन की कंडिका–12 में दिए गए निदेश के अनुसार सभी वांछित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति कार्यालय प्रधान के माध्यम से ''**परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001**'' के पते पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, जिसकी अंतिम तिथि **दिनांक–12.11.2018 अपराह्न 05:00 बजे** तक निर्धारित है।

2. यह संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।